# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक–प.नि.6590 / 25

दिनांक–11.03.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

एतदद्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालय में 04 वर्षीय आठ सेमेस्टर वाले शास्त्री पाठ्यक्रम सत्र 2024–2028 से प्रभावी करते हुए, पाठ्यक्रम व अन्य दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया गया है। नवीन शास्त्री पाठ्यक्रम का सत्र और विलम्बित न हो, जिसके दृष्टिगत, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शीघ्र कराना अपरिहार्य हो गया है। जिसके क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार **शास्त्री प्रथम सेमेस्टर नवीन पाठ्यक्रम तथा पुराने तीन वर्षीय छः सेमेस्टर वाले पुराने पाठ्यक्र के पंत्रम सेमेस्टर की परीक्षा हेतु आनर्लान पद्धति से परीक्षावेदनपत्र पूरित करने तथा गेटवे के माध्यम से पूर्व वर्षो में निर्धारित परीक्षा शुल्क को विश्वविद्यालय कोष में अधोलिखित तिथियों के अन्तर्गत जमा कर परीक्षावेदनपत्र पूरित किया जा सकेगा।**

2. उपर्युक्त के क्रम में संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों ने **एक ही महाविद्यालय में दो बार अथवा भिन्न–भिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश लिया है जो नियमानुकूल नहीं है।** अतः इस सम्बन्ध में सभी छात्रों एवं प्राचार्यो को निर्देश दिया जाता है कि **एक महाविद्यालय से एक ही बार प्रवेश सुनिश्चित मानकर अपना–अपना परीक्षावेदनपत्र पूरित करेंगे अन्यथा दोनों परीक्षावेदनपत्र निरस्त कर दिया जायेगा। इस परीक्षावेदनपत्र निरस्तीकरण के लिये छात्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य ही जिम्मेदार होंगे।**

1. परीक्षावेदन पूरित करना– दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक की मध्यरात्रि तक।
2. दिनांक 21.03.2025 से दिनांक 23.03.2025 तक मात्र छात्रों की मात्र नामावली सम्बन्धित पटल सहायकों को प्राप्त कराया जा सकेगा।

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को उकत सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु।
3. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
4. आशुलिपिक कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
5. अधीक्षक(परीक्षा)।
6. जनसम्पर्क कार्यालय।
7. सम्बद्ध पत्रावली।

**(प्रो॰ सुधाकर मिश्र)**
**परीक्षा नियंत्रक**